# सामाजिक विज्ञान

## प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र

**(बोर्ड द्वारा प्रेषित)**

**कक्षा : IX**

**समय : 3 घण्टा** **अधिकतम अंक : 80**

---

**सामान्य निर्देश :**

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 36 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।

(iii) इस प्रश्न-पत्र के दो खण्ड हैं **खण्ड-I** और **खण्ड-II**। खण्ड-I में प्रश्न संख्या **1** से **16** तक बहुविकल्पीय प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है। खण्ड-I के इन सोलह प्रश्नों के उत्तर अलग से दी गई उत्तर-पुस्तिका में करने हैं। इस खण्ड को प्रारम्भ के 30 मिनट के अन्दर करके उत्तर-पुस्तिका को कक्ष निरीक्षक को सौंप दें। इसके पश्चात् ही खण्ड-II को प्रारम्भ कर सकते हैं।

(iv) प्रश्न-पत्र के खण्ड-II में कुल बीस प्रश्न हैं, जिनके क्रमांक **17** से **36** तक हैं। इस खण्ड को 2 घण्टा 30 मिनट में हल करना है।

(v) प्रश्न संख्या **17** से **32** तक के प्रश्न **तीन-तीन** अंकों के हैं। इन प्रश्नों का उत्तर 80 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।

(vi) प्रश्न संख्या **33** से **35** तक के प्रश्न **चार-चार** अंकों के हैं। इन प्रश्नों का उत्तर 100 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।

(vii) प्रश्न संख्या **36** मानचित्र से सम्बन्धित प्रश्न हैं। इस प्रश्न के **चार** अंक हैं और यह भूगोल से सम्बन्धित हैं। दिए गए मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के भीतर संलग्न करें।

## खण्ड-I

**(प्रश्न 1 से 16 तक)**

**(प्रत्येक 1 अंक)**

**1.** **निम्न में से कौन-सा कैरी पैकर के नाम से जुड़ा है ?** 1

(क) क्रिकेट में रक्षात्मक हेलमेट का प्रारम्भ

(ख) क्रिकेट को व्यवसायी रूप देना

(ग) गाँव में क्रिकेट को लोकप्रिय बनाना

(घ) क्रिकेट को अंतर्राष्ट्रीय खेल बनाना।

**अथवा**

**निम्न में से किसे खादी कहा जाता है ?** 1

(क) भारत में बनने वाले सूती कपड़े

(ख) भारत में बने छींट के कपड़े

(ग) चरखे से बना मोटा कपड़ा

(घ) मशीन निर्मित भारतीय कपड़ा

**2.** **भारत, पाकिस्तान और वेस्ट इंडीज जैसे टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले देश, दक्षिण अफ्रीका के साथ टेस्ट मैच खेलने का विरोध क्यों कर रहे थे ?** 1

(क) क्योंकि टीम में अधिकतर अश्वेत समुदाय के सदस्य थे

(ख) क्योंकि दक्षिण अफ्रीका एक अच्छी टीम नहीं थी

(ग) क्योंकि दक्षिण अफ्रीका नस्ली भेदभाव की नीति अपना रहा था और अश्वेत खिलाड़ियों के खेलने पर रोक लगा दी गयी थी

(घ) क्योंकि दक्षिण अफ्रीका ने अश्वेतों के टीम में श्वेतों के खेलने पर प्रतिबन्ध लगा दिया था

**अथवा**

**विक्टोरियाकालीन इंग्लैंड में लड़कियों को बचपन से ही तंग वस्त्र क्यों पहनाये जाते थे ?** 1

(क) क्योंकि लड़कियाँ इन वस्त्रों में आकर्षक दिखती थीं

(ख) क्योंकि इस प्रकार के कपड़े पहनने वाली लड़कियों को फैशनेबल कहा जाता था

(ग) क्योंकि यह माना जाता था कि एक आदर्श स्त्री को दर्द और परेशानी सहन करनी चाहिए

(घ) क्योंकि स्त्रियाँ आसानी से इधर-उधर नहीं जा सकती थीं और उन्हें घर पर ही रहना पड़ता था

**3.** **निम्न में से कौन-सी एक नदी अन्य तीन से अपने उद्भव के आधार पर अलग है ?** 1

(क) सिंधु नदी

(ख) ब्रह्मपुत्र नदी

(ग) गंगा नदी

(घ) सतलुज नदी

**4.** **पृथ्वी की सतह के ऊपर पवन के समान्तर गति का मुख्य कारण निम्न में से कौन-सा है ?** 1

(क) वायुमंडलीय दाबान्तर

(ख) ऊँचाई में अन्तर

(ग) तापान्तर

(घ) अक्षांशों में अन्तर।

**5.** **निम्न में से कौन-सा कारण पवन को अपने साधारण मार्ग से विचलित करने के लिए उत्तरदायी है ?** 1

(क) अभिकेन्द्रिक बल

(ख) अपकेन्द्रिक बल

(ग) कोरोलिस बल

(घ) गुरुत्वाकर्षण बल।

**6.** **निम्न में से कौन-से वन के वृक्ष शुष्क गर्मियों में अपनी पत्तियाँ दो महीने के लिए गिराते हैं?** 1

(क) उष्णकटिबंधीय सदाहरित वन

(ख) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन

(ग) उष्णकटिबंधीय कंटीले वन

(घ) मैंग्रोव।

**7.** **भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की जाती है—** 1

(क) भारत के प्रधानमंत्री के द्वारा

(ख) भारत के मुख्य न्यायाधीश के द्वारा

(ग) लोकसभा के स्पीकर के द्वारा

(घ) भारत के राष्ट्रपति के द्वारा।

**8.** **निम्न में से कौन-सी संस्था संसद के द्वारा बनाये गए कानून को लागू करने के लिए उत्तरदायी है—** 1

(क) भारत का राष्ट्रपति

(ख) संघीय कार्यपालिका

(ग) भारत का सुप्रीम कोर्ट (सर्वोच्च न्यायालय)

(घ) लोकसभा का स्पीकर।

**9. निम्न में से किस संस्था का चुनाव प्रत्यक्ष होता है ?** 1

(क) संसद

(ख) लोकसभा

(ग) राज्यसभा

(घ) विधान परिषद।

**10. संविधान के द्वारा प्रदत्त अधिकारों के लिए निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है ?** 1

(क) नागरिकों को अपना विचार व्यक्त करने का अधिकार

(ख) बहुसंख्यकों की इच्छाओं को सुरक्षा का अधिकार

(ग) नागरिकों को वोट डालने का अधिकार

(घ) सभी लोकतांत्रिक देशों में संविधान है।

**11. स्वतंत्रता के अधिकार के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है ?** 1

(क) भारत के किसी भी भाग में लोग रहने के लिए स्वतंत्र हैं

(ख) लोग गाँवों से शहर में प्रवास कर सकते हैं

(ग) व्यवसाय का चुनाव करने के लिए स्वतंत्र नहीं है

(घ) दलित वर्ग के लोग अपने पैतृक व्यवसाय को छोड़ने के लिए स्वतंत्र हैं

**12. निम्न में से कौन-सा क्रियाकलाप प्राथमिक क्षेत्र में आते हैं ?** 1

(क) वानिकी

(ख) बैंकिंग

(ग) यातायात

(घ) पर्यटन

**13. प्रधानमंत्री रोजगार योजना का मुख्य उद्देश्य निम्न में से कौन-सा है ?** 1

(क) ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे शहरों में शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर सृजित करना

(ख) शहरी क्षेत्रों के शिक्षित लोगों को सरकारी नौकरी प्रदान करना

(ग) शहरी क्षेत्रों के अशिक्षित लोगों को सरकारी नौकरी प्रदान करना।

**14. इनमें से किस राज्य में गरीबी अब भी एक गम्भीर समस्या है ?** 1

(क) त्रिपुरा

(ख) पश्चिम बंगाल

(ग) आन्ध्र प्रदेश

(घ) पंजाब

**15. भू-स्खलन को रोकने के लिए निम्न में से कौन-सी भू-प्रयोग योजना शामिल किया गया है?** 1

(क) उन्नत क्षेत्रों पर भवनों का निर्माण

(ख) स्टिल्टों पर निर्माण

(ग) वनस्पति आच्छादन का विस्तार

(घ) आजीविका आयोजन

**16. पुख्ता दीवारों का निर्माण किस आपदा को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है ?** 1

(क) बाढ़

(ख) चक्रवात

(ग) आग

(घ) भू-स्खलन

## खण्ड-II

**(प्रश्न 16 से 36 तक)**

**प्रश्न 17.** 1789 की क्रांति से पूर्व फ्रांसीसी समाज किस प्रकार व्यवस्थित था ? इसमें तीसरे एस्टेट की भूमिका का उल्लेख करिए। 2 + 1 = 3

**अथवा**

रूस में हुए 1789 की फरवरी क्रांति के लिए उत्तरदायी तीन कारणों का वर्णन करिए। 3 × 1 = 3

**अथवा**

"वर्साय की संधि बड़ी कठोर तथा अपमानजनक थी।" तीन उदाहरणों के द्वारा इस कथन को स्पष्ट कीजिए। 3 × 1 = 3

**प्रश्न 18.** रोबेस्पेयर कौन था ? उसके शासन को 'आतंक के शासन' के नाम से क्यों जाना जाता है ? 1 × 2 = 3

**अथवा**

सन् 1917 में हुए अक्टूबर क्रांति में लेनिन की भूमिका का वर्णन तीन बिन्दुओं में कीजिए। 3 × 1 = 3

**अथवा**

हिटलर के विदेश नीति के तीन मुख्य विशेषताएँ लिखिए। 3 × 1 = 3

**प्रश्न 19.** वन क्षेत्र में रहने वाले लोग वन उत्पादों का प्रयोग किस प्रकार से विभिन्न तरीकों से करते थे ? 3

**अथवा**

गुज्जर कौन थे ? वे अपनी आजीविका कैसे प्राप्त करते थे ?

**अथवा**

भारतीय किसान अपने खेतों में अफीम की खेती क्यों नहीं करना चाहते थे ? किन्हीं तीन कारणों को स्पष्ट कीजिए। $3 \times 1 = 3$

**प्रश्न 20.** भारत में वन अधिनियम कब पारित हुआ ? इस कारण देश के ग्रामीणों को परेशानियों का सामना क्यों करना पड़ा ? किन्हीं दो कारणों की चर्चा कीजिए। $2 + 1 = 3$

**अथवा**

सन् 1830 में इंग्लैण्ड के किसानों और भू-स्वामियों के लिए खतरा क्यों उत्पन्न हो गया ? $3 \times 1 = 3$

**अथवा**

19वीं शताब्दी में संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में गेहूँ की माँग में बढ़ोत्तरी के कोई तीन कारण बताइए। $3 \times 1 = 2$

**प्रश्न 21.** उन दो प्रमुख भागों के नाम बताइए, जिनमें भारत के नदी तंत्रों को विभाजित किया गया है। इन भागों के दो-दो प्रमुख लक्ष्यों को भी बताइए। $1 + 2 = 3$

**प्रश्न 22. पृष्ठ संख्या 17 पर दिए गए सारणी का अध्ययन करें और निम्न प्रश्नों का उत्तर दीजिए–**

**(22-1)** वार्षिक ताप परिसर या तापांतर का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

**(22-2)** किस स्थान का वार्षिक तापांतर निम्नतम है ?

**(23-3)** इस स्थान के निम्नतम तापांतर के मुख्य कारण को स्पष्ट कीजिए। $3 \times 1 = 3$

**प्रश्न 23.** हमारे देश में पादपों और जीवों के संरक्षण के लिए सरकार द्वारा किए गए किन्हीं तीन उपायों का वर्णन कीजिए। $3 \times 1 = 3$

**प्रश्न 24.** मानव व्यवसाय को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक श्रेणी का नाम व्यवसाय के उचित उदाहरण सहित लिखिए। $3 \times 1 = 3$

**प्रश्न 25.** भारतीय संविधान के मूलभूत लक्षणों के आधार पर प्रभुता सम्पन्न, समाजवादी और लोकतंत्रात्मक गणराज्य के अर्थ को स्पष्ट कीजिए। $3 \times 1 = 3$

**प्रश्न 26.** चुनाव प्रक्रिया को लोकतांत्रिक बनाने के तीन शर्तों को स्पष्ट कीजिए। $3 \times 1 = 3$

**प्रश्न 27. निम्न दो स्थितियों का राष्ट्र पर पड़ने वाले प्रभाव का आंकलन कीजिए—**

(i) गलत विचारधारा और संकीर्ण मानसिकता वाले लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान की जाए।

(ii) यदि विधायिका में 50% भारतीय महिलाओं को आरक्षण प्रदान किया जाए। $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} = 3$

**प्रश्न 28.** भारत में गरीबी के तीन कारणों का संक्षेप में वर्णन कीजिए। $3 \times 1 = 3$

**प्रश्न 29.** 'खाद्य सुरक्षा' का अर्थ बताइए और खाद्य सुरक्षा के दो आयामों का संक्षेप में वर्णन कीजिए। $1 + 2 = 3$

**प्रश्न 30.** तीन उदाहरणों सहित भारत की खाद्य सुरक्षा में सहकारी समितियों की भूमिका स्पष्ट कीजिए। $1 + 2 = 3$

**प्रश्न 31.** उन दो देशों के नाम बताइए जो भूकम्प प्रवृत्त हैं। इन क्षेत्रों में ढाँचागत निर्माण का महत्व बताइए।

$1 + 2 = 3$

**प्रश्न 32.** परमाणु विकीर्ण और आक्रमण से बचाव के तीन उपायों का वर्णन कीजिए। $3 \times 1 = 3$

**प्रश्न 33.** "यदि आप खेल के औजारों को देखें तो पता चलता है कि वक्त के साथ क्रिकेट में कितना बदलाव आया है और इसके बावजूद क्रिकेट अपनी ग्रामीण इंग्लैण्ड की जड़ों के प्रति वफादार रहा।" इस कथन की व्याख्या इसके प्रारम्भिक लक्षणों और औजारों में आए बदलाव के आधार पर कीजिए। $2 + 2 = 4$

**अथवा**

अपने उपन्यास 'वैनिटी फेयर' में ठाकरे ने अमीलिया नामक महिला पात्र के आकर्षण का इस तरह बखान किया—

"मेरे ख्याल से उसकी कमजोरी ही उसका मुख्य आकर्षण थी, एक मधुर, सुकुमार निर्बलता का अहसास, जो उससे मिलने वाले हर मर्द में सहानुभूति और संरक्षण का भाव पैदा करता था।"

**उपर्युक्त अंश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए–**

(क) लेखक के अनुसार स्त्री का मुख्य आकर्षण क्या था ?

(ख) पुरुष के किस विशेष स्वभाव को इन पंक्तियों में प्रकट किया गया है ? $2 + 2 = 4$

**प्रश्न 34.** भारतीय संसद के दोनों सदनों में कौन-सा अधिक शक्तिशाली है और कैसे ? तीन कारणों के साथ अपने विचार व्यक्त कीजिए। $1 + 3 = 4$

**प्रश्न 35.** बेरोजगारी का अर्थव्यवस्था के समग्र विकास पर पड़ने वाले चार प्रभावों को स्पष्ट कीजिए। $4 \times 1 = 4$

**प्रश्न 36.** भारत के राजनैतिक रेखीय मानचित्र में (i) से (iv) तक चार लक्षण दर्शाये गए हैं। नीचे दी गई सूचना के आधार पर इनको पहचानें और इनका सही नाम अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखें– $4 \times 1 = 4$

(i) यह तमिलनाडु की प्रमुख नदी है

(ii) राष्ट्रीय उद्यान

(iii) महाराष्ट्र का जलवायु स्टेशन (शहर)

(iv) भारतीय सिंहों का प्राकृतिक आवास

**अथवा**

**दिए गए भारत के राजनैतिक मानचित्र में निम्न को चिन्हित करें–**

(i) न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य

(ii) सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान

(iii) लेह

(iv) कोलकाता

**दृष्टिहीन विद्यार्थियों के लिए प्रश्न 36 के स्थान पर–**


(i) तमिलनाडु की प्रमुख नदी का नाम बताइए

(ii) उत्तरांचल का जैव आरक्षित क्षेत्र

| केन्द्र | देशान्तर | अक्षांश मीटर | जनवरी | फरवरी | मार्च | अप्रैल | मई | जून | जुलाई | अगस्त | सितम्बर | अक्टूबर | नवम्बर | दिसम्बर | वार्षिक वर्षा | वार्षिक औसत तापमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तापमान (0°C) बंगलूरू | 12°58'N | 909 | 20.5 | 22.7 | 25.2 | 27.1 | 26.7 | 24.2 | 23.0 | 23.0 | 23.1 | 22.9 | 18.9 | 20.2 | | 8.2 |
| वर्षा (सेमी) | | | 0.7 | 0.9 | 1.1 | 4.5 | 10.7 | 7.1 | 11.1 | 13.7 | 16.4 | 15.3 | 6.1 | 1.3 | 88.9 | |
| तापमान (0°C) मुम्बई | 19°N | 11 | 24.4 | 24.4 | 26.7 | 28.3 | 30.0 | 28.9 | 27.2 | 27.2 | 27.2 | 27.8 | 27.2 | 25.0 | | 5.6 |
| वर्षा (सेमी) | | | 0.2 | 0.2 | - | - | 1.8 | 50.6 | 61.0 | 36.9 | 26.9 | 4.8 | 1.0 | - | 183.4 | |
| तापमान (0°C) कोलकाता | 22°34'N | 6 | 19.6 | 22.0 | 27.1 | 30.1 | 30.4 | 29.9 | 28.9 | 28.7 | 28.9 | 27.6 | 23.4 | 19.7 | | 10.8 |
| वर्षा (सेमी) | | | 1.2 | 2.8 | 3.4 | 5.1 | 13.4 | 29.0 | 33.1 | 33.4 | 25.3 | 12.7 | 2.7 | 0.4 | 162.5 | |
| तापमान (0°C) दिल्ली | 29°N | 219 | 14.4 | 16.7 | 23.3 | 30.0 | 33.3 | 33.3 | 30.0 | 29.4 | 28.9 | 25.6 | 19.4 | 15.6 | | 18.9 |
| वर्षा (सेमी) | | | 2.5 | 1.5 | 1.3 | 1.0 | 1.8 | 7.4 | 19.3 | 17.8 | 11.9 | 1.3 | 0.2 | 1.0 | 67.0 | |
| तापमान (0°C) जोधपुर | 26°18'N | 224 | 16.8 | 19.2 | 26.6 | 29.8 | 33.3 | 33.9 | 31.3 | 29.0 | 20.1 | 27.0 | 20.1 | 14.9 | | 19.0 |
| वर्षा (सेमी) | | | 0.5 | 0.6 | 0.3 | 0.3 | 1.0 | 3.1 | 10.8 | 13.1 | 5.7 | 0.8 | 0.2 | 0.2 | 36.6 | |
| तापमान (0°C) चेन्नई | 13°4'N | 7 | 24.5 | 25.7 | 27.7 | 30.4 | 33.0 | 32.5 | 31.0 | 30.2 | 29.8 | 28.0 | 25.9 | 24.7 | | 8.5 |
| वर्षा (सेमी) | | | 4.6 | 1.3 | 1.3 | 1.8 | 3.8 | 4.5 | 8.7 | 11.3 | 11.9 | 30.6 | 35.0 | 13.9 | 128.6 | |
| तापमान (0°C) नागपुर | 21°9'N | 312 | 21.5 | 23.9 | 28.3 | 32.7 | 35.5 | 32.0 | 27.7 | 27.3 | 27.9 | 26.7 | 23.1 | 20.7 | | 14.8 |
| वर्षा (सेमी) | | | 1.1 | 2.3 | 1.7 | 1.6 | 2.1 | 22.2 | 37.6 | 28.6 | 18.5 | 5.5 | 2.0 | 1.0 | 124.2 | |
| तापमान (0°C) शिलांग | 24°34'N | 1461 | 9.8 | 11.3 | 15.9 | 18.5 | 19.2 | 20.5 | 21.1 | 20.9 | 20.0 | 17.2 | 13.3 | 10.4 | | 11.3 |
| वर्षा (सेमी) | | | 1.4 | 2.9 | 5.6 | 14.6 | 29.5 | 47.6 | 35.9 | 34.3 | 30.2 | 18.8 | 3.8 | 0.6 | 225.3 | |
| तापमान (0°C) तिरुवनन्तपुरम | 8°29'N | 61 | 26.7 | 27.3 | 28.3 | 28.7 | 28.6 | 26.6 | 26.2 | 26.2 | 26.5 | 26.7 | 26.6 | 26.5 | | 2.5 |
| वर्षा (सेमी) | | | 2.3 | 2.1 | 3.7 | 10.6 | 20.8 | 35.6 | 22.3 | 14.6 | 13.8 | 27.3 | 20.6 | 7.5 | 181.2 | |
| तापमान (0°C) लेह | 34°N | 3506 | –8.5 | –7.2 | –0.6 | 6.1 | 10.0 | 14.4 | 17.2 | 16.1 | 12.2 | 6.1 | 0.0 | –5.6 | | 25.7 |
| वर्षा (सेमी) | | | 1.0 | 0.8 | 0.8 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 1.3 | 1.3 | 0.8 | 0.5 | – | 0.5 | 8.5 | |

(iii) महाराष्ट्र का जलवायु स्टेशन

(iv) भारत में न्यूनतम जनसंख्या वाला राज्य।




**अथवा**

